# उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड

**नवाड़खेड़ा, गौलापार (नैनीताल)**

उत्तराखण्ड राज्य

**05946—299615,05946—299616,05946—299617**
**Mail Id: highereducation.director@gmail.com**

पत्रांकः डिग्री विविध—शै0कै0/ 5575 /2023—24 दिनॉकः 22 दिसम्बर, 2023

**सेवा में,**

**प्राचार्य,**
समस्त शासकीय/अशासकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
उत्तराखण्ड।

**विषयः— राजकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक कैलेण्डर के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन के पत्रांकः 491/XXIV-C-1/2023-12(10)/2022 उच्च शिक्षा अनुभाग – 1 देहरादून, दिनांकः 06 जुलाई, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें राजकीय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों के प्रवेश प्रक्रिया, एक परीक्षा परिणाम, छात्र संघ चुनाव एवं दीक्षान्त समारोह में एकरूपता हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर घोषित किया गया था, जिसे निदेशालय के पृ0सं0: 2331/डिग्री प्लान/2023—24 दिनांकः 15 जुलाई, 2023 **(छायाप्रति संलग्न)** के द्वारा पृष्ठांकित कर प्रेषित किया गया था, किन्तु महाविद्यालयों द्वारा दीर्घावकाश के सम्बन्ध में पृच्छा की जा रही है।

तद्क्रम में पुनः निर्देशित किया जाता है कि शासन द्वारा घोषित शैक्षणिक कैलेण्डर का पालन करना सुनिश्चित करें।

**भवदीय**

**(प्रो0 चन्द्र दत्त सूँठा),**
**निदेशक,**
उच्च शिक्षा उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी (नैनीताल)।

HIG-1-11/1101/22/2022-XXIV-C-1-Higher Education Department

/135321/2023

संख्याः– 491/ XXIV-C-1/2023-12(10)/2022

प्रेषक,

प्रशान्त आर्य,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

प्लान
14/7/23

सेवा में,

कुलपति,
समस्त राज्याधीन विश्वविद्यालय,
उत्तराखण्ड।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून, दिनॉक 06 जुलाई, 2023

**विषयः–राज्याधीन विश्वविद्यालयों एवं राजकीय महाविद्यालयों के प्रवेश प्रक्रिया, एक परीक्षा परिणाम, छात्र संघ चुनाव एवं दीक्षान्त समारोह में एकरूपता हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–377 / XXIV-C-1 / 2023–12(10) / 2022, दिनांक 03.05.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत संचालित राज्याधीन विश्वविद्यालयों तथा प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में एकरूपता लाये जाने के उद्देश्य से छात्र–छात्राओं के हित में एक प्रवेश, एक परीक्षा, एक दीक्षान्त समारोह, एक शैक्षिक कैलेण्डर घोषित किये जाने हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

2. उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 03.05.2023 द्वारा गठित समिति की संस्तुति के कम में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त लिये गये निर्णय के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत संचालित राज्याधीन विश्वविद्यालयों तथा प्रदेश के समस्त राजकीय महाविद्यालयों में एकरूपता लाये जाने के उद्देश्य से निम्नलिखित तालिकानुसार शैक्षणिक कैलेण्डर लागू किये जाने पर सहमति प्रदान की जाती हैः–

**Academic Calendar for the Session 2023-2024**

| S.No. | Examination/Teaching work | Date |
|---|---|---|
| | **First Semester** | |
| 1 | Commencement of Admission Registration | 31-05-2023 |
| 2. | Last date for admission Registration | 24-06-2023 (subject to the declatration of intermediate result) |
| 3. | Duration for finalizing admissions for the first semester | 26.06.2023 to 08.07.2023 |
| 4. | Commencement of teaching work for students admitted in first semester | 10.07.2023 |
| 5. | Date for the conductionj of students election | September, 2023 |
| 6. | Date of convocation | Novmber, 2023 |
| 7. | Last date Completion of teaching work students admitted in first | 18.11.2023 |

| | | |
|---|---|---|
| | semester | |
| 8. | Duration of first Semester Examination | 20.11.2023 to 09.12.2023 |
| 9. | Last date for the declartion of results of the Odd sememster Examination | 10.01.2024 |
| 10. | Duration of Winter Break | 01.01.2024 to 25.01.2024 (Hills) [25 days]<br>01.01.2024 to 10.01.2024 (Plains) [10 days] |
| | **Second Semester** | |
| 1. | Commencesment of teaching work for the Even Semester | 26.02.2024 |
| 2. | Last date for Completion of teaching work for the Even Semester | 31.05.2024 |
| 3. | Duration of Even Semester Examination | 03.06.2024 to 22.06.2024 |
| 4. | Duration of Summer Break | 10.06.2024 to 25.06.2024 (Hills) [15 days]<br>10.06.2024 to 10.07.2024 (Plains) [30 days] |
| 5. | Last date for the declaration of result of the Even semester Examination | 15.07.2024 |
| | Commencement of admission registration for new students for the academic session 2024-2025 | 20-05-2024 |

**NOTE-**

1. Remaining 10 days of the vacation shall be adjusted as follows:

a. Holi-03 days

b. Dusschra-04 days

c. Deepawali-03 days

भवदीय,

Signed by Prashant Kumar Arya
Date 06-07-2023 10:26:59

(प्रशान्त आर्य)
अपर सचिव।

संख्या– 491 (1)/XXIV-C-1/2023–12(10)/2022, तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) निजी सचिव–मा० उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड शासन को मा० उच्च शिक्षा मंत्री जी के संज्ञानार्थ।

(2) निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी।

(3) कुलसचिव, समस्त राज्याधीन विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड।

(4) प्राचार्य, समस्त राजकीय महाविद्यालय, उत्तराखण्ड द्वारा निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी।

(5) अनुभाग अधिकारी, उच्च शिक्षा अनुभाग–2 एवं 4, उत्तराखण्ड शासन।

(6) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

Signed by Byomkesh Dubey
Date: 06-07-2023 13:23:33

(ब्योमकेश दूबे)
उप सचिव।

पृ0सं0:– 2331 /डिग्री प्लान/2023–24 दिनांक: 15 जुलाई, 2023

प्रतिलिपिः – समस्त प्राचार्य, राजकीय स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तराखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(प्रो0 सी0 डी0 सूँठा)
प्रभारी निदेशक (उच्च शिक्षा)
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)